सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना
Member of Parliament Local Area Development Scheme

अनिल कुमार चौधरी
निदेशक
ANIL KUMAR CHOUDHARY
DIRECTOR
TEL : 23344933
FAX : 23364197

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
211, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
211, SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
E-mail : akchoudhary@nic.in

सं.सी-10/2011-एमपीलैड्स

09.08.2011

सेवा में,

आयुक्त नगर निगम, कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली
जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषयः एमपीलैड्स मॉनीटरिंग सॉफ्टवेयर पर सूचना को अद्यतन करने के संबंध में:-

एमपीलैड्स दिशानिर्देशों के पैरा 3.16 के अनुसार सूचना को तीव्र/बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने तथा स्कीम की पारदर्शिता हेतु जिलाप्राधिकारी को एमपीलैड्स की वेबसाइट पर एमपीलैड्स के अंतर्गत अनुशंसित/स्वीकृत/निष्पादित कार्यों के संदर्भ में आंकड़े अपलोड कराना जिलाधिकारी से अपेक्षित होता है । मंत्रालय द्वारा विभिन्न परिपत्रों के जरिए इस बात को बार-बार कहा गया है ।

2. तथापि, यह देखने में आया है कि जिला प्राधिकारी दिशानिर्देशों तथा मंत्रालय के अनुदेशों का अनुकरण नहीं करते हैं जिसके कारण मंत्रालय को विभिन्न मंचों पर शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता है और सीएजी रिपोर्टों में प्रतिकूल टिप्पणियां भी प्राप्त होती हैं । इसलिए जिला प्राधिकारियों द्वारा एमपीलैड्स वेबसाइट पर कार्यों के पूरे तथा सही आंकड़े अपलोड करने की तुरंत जरूरत है । कई मामलों में जहां कार्य पूरे हो गए हैं, उन्हें अधूरे/चल रहे कार्यों के रूप में दिखाया गया है । अन्य मामलों में, कार्य मॉनीटरिंग प्रणाली में अद्यतन व्यय समुचित ढंग से नहीं दर्शाया गया है ।

3. अतः, जिला प्राधिकारियों से अनुरोध है कि वे बिना किसी देरी के वास्तविक समय आधार पर एमपीलैड्स वेबसाइट पर कार्यों के सही तथा नवीनतम/पूर्ण आंकड़े अपलोड करने में अधिक रुचि लें और प्रतिबद्धता दिखाएं ।

भवदीय,

(ए.के. चौधरी)

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाई हेतुः

1. सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के नोडल विभाग ।
2. एमपीलैड्स संबंधी लोकसभा/राज्यसभा समिति ।
3. एनआईसी को एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।